संख्या-81/1024/84-डे0ई0-13-नि0-44/2009

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 02 दिसम्बर, 2013

विषय:- श्री आदित्य प्रकाश यादव, विक्रेता, उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम को पुन: सेवा में सवेतन बहाल किये जाने के संबंध में मा0 राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की संस्तुति दिनांक 16-6-2010 का अनुपालन किये जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-473/84-डे0ई0-13-नि0-44/2009, दिनांक 03-06-2013 तथा अनुस्मारक पत्र दिनांक 05-08-2013 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 03-6-2013 में आपसे की गयी अपेक्षानुसार वांछित सूचना/अभिलेख शासन को उपलब्ध न कराये जाने के कारण विधान मण्डल के दोनो सदनों के समक्ष टिप्पणी प्रस्तुत किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है । अत: कृपया प्रकरण की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए श्री आदित्य प्रकाश यादव, विक्रेता को स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति योजना के अन्तर्गत प्राप्त होने वाले समस्त देयकों के भुगतान से संबंधित आदेश की प्रमाणित प्रतियाँ तथा विधान मण्डल को प्रस्तुत की जाने वाली स्वत: स्पष्ट टिप्पणी शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/